भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण
INSURANCE REGULATORY AND DEVELOPMENT AUTHORITY OF INDIA

Title:प्रेस विज्ञप्ति

Reference No.: New Delhi **Date:**24/01/2014

नई दिल्ली में आईआरडीए के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

प्रेस विज्ञप्ति

श्री टी.एस. विजयन, अध्यक्ष, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण ने, 24 जनवरी, 2014 को दिल्ली के वर्तमान कार्यालय का उन्नयन करते हुए, दिल्ली में आईआरडीए के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। क्षेत्रीय कार्यालय जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 में स्थित होगा। इस कार्यालय के प्रमुख, दस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक संयुक्त निदेशक होंगे। उपभोक्ता मामले विभाग, निरीक्षण विभाग और आईआरडीए के सर्वेकर्ता विभाग के कुछ कार्य इस कार्यालय द्वारा पूरे किये जाएँगे।

क्षेत्रीय कार्यालय उत्तरी क्षेत्र में स्थित बीमा कंपनियों के निरीक्षण के लिए अपेक्षित समर्थन उपलब्ध कराने के अलावा उपभोक्ता जागरूकता फैलाने और बीमा शिकायतों के निपटान पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह कार्यालय सर्वेकर्ताओं और हानि मल्यांकनकर्ताओं को लाइसेंस मंजूर करने/नवीकरण/संशोधन के लिए क्रियात्मक रूप से उत्तरदायी होगा। दिल्ली में उपरोक्त कार्यों के साथ आईआरडीए, पालिसीधारकों के साथ अधिक निकट से कार्य कर पायेगा और आईआरडीए इस क्षेत्र में विनियमित संस्थाओं की देख-रेख करने की बेहतर स्थिति में रहेगा।

बहुत शीघ्र वित्तीय राजधानी मुंबई में एक और क्षेत्रीय कार्यालय खोला जाएगा